राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)

☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ परीक्षा /2019/1472 दिनांक : 28.8.19

स्नातकोत्तर (पी.जी.) पूर्वार्द्ध प्रवेश सूचना

विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (राजनीति विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, इतिहास एवं भूगोल) में शैक्षणिक सत्र 2019-20 में नियमित प्रवेश लेने हेतु जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया था उनकी विषयवार सूची विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध है एवं विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में **दिनांक 29.08.2019 एवं 30.08.2019 तक समय प्रात: 10:30 बजे से सांय 4:00 बजे तक** आवश्यक रूप से जमा करावें। विद्यार्थी आवेदन पत्र की हार्डकॉपी के साथ निम्न दस्तावेज साथ लेकर आें :

1. सैकण्डरी, स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की मूल अंकतालिका एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति।
2. अंतिम शिक्षण संस्था की मूल टी.सी. एवं सी.सी.।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/ई.डब्ल्यू.सी./एम.बी.सी. का मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति। (अन्य पिछडा वर्ग का क्रीमीलेयर का प्रमाण-पत्र राजस्थान सरकार के नियमानुसार मान्य होगा।)
4. बोनस अंक हेतु सम्बन्धित प्रमाण पत्र की मूल एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. विद्यार्थी को अपने दस्तावेज सत्यापन के पश्चात निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा। **यदि विद्यार्थी का नाम अन्तिम प्रवेश सूची में नहीं आता है तो उस स्थिति में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात विद्यार्थी का जमा शुल्क नियमानुसार वापिस कर दिया जाएगा।**
6. दिनांक 30.08.2019 तक अपने दस्तावेज सत्यापित नहीं कराने वाले विद्यार्थियों के आवेदन पत्र पर प्रवेश हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
7. यदि किसी श्रेणी में स्थान रिक्त रहने पर प्रवेश प्रक्रिया छात्रसंघ चुनाव पश्चात पुन: प्रारंभ कर पूर्ण की जावेगी।
8. विद्यार्थियों का प्रवेश शुल्क निम्नानुसार जमा होगा :

राजनीतिविज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं इतिहास विषय हेतु :
सामान्य श्रेणी (पुरूष) - 2660/-
एससी/एसटी/ओबीसी/एमबीसी/महिला - 1020/-
भूगोल विषय हेतु :
सामान्य श्रेणी (पुरूष) - 2850/-
एससी/एसटी/ओबीसी/एमबीसी/महिला - 1210/-

नोट : राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को उक्त शुल्क के साथ नामांकन शुल्क 250/- एवं पात्रता शुल्क 250/- कुल रू. 500/- अतिरिक्त देय होगा।

प्रभारी अधिकारी
पी.जी. प्रवेश समिति